कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मुंगेर।
(निर्वाचन शाखा)

पत्रांक 300 /नि0, मुंगेर, दिनांक 29.10.2020

प्रेषक,

निर्वाची पदाधिकारी
165 – मुंगेर विधान सभा क्षेत्र
–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मुंगेर।

सेवा में,

अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी,
पटना, बिहार।

विषय : एक सोशल मीडिया न्यूज के संदर्भ में दूरभाष पर प्राप्त निर्देश के अनुपालन में प्रतिवेदन।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि मतदान की तिथि 28.10.2020 को 09:50 बजे प्रातः दूरभाष पर शिकायत प्राप्त हुई कि मतदान केन्द्र सं0 231, सरकारी सामुदायिक भवन महादेवपुर (पश्चिम भाग) में बैलेटिंग यूनिट में अभ्यर्थी सं0 एक के सामने के बटन का क्लीप नहीं है। शिकायत पर तुरत संज्ञान लेते हुए पूर्वाह्न 10:15 बजे तक उक्त मतदान केन्द्र के BU, CU/ VVPAT को बदल दिया गया।

उल्लेखनीय है कि उक्त मतदान केन्द्र पर ससमय मॉक पोल हुआ था तथा अभ्यर्थी संख्या 1 (राष्ट्रीय जनता दल) के पोलिंग एजेंट श्री मनीष कुमार मॉक पोल के समय उपस्थित थे। मॉक पोल में अभ्यर्थी सं0 1 को 5 मत दिए गए थे। इस संदर्भ में किसी स्तर से अन्य कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। मतदान शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न हुआ, जैसा कि पीठासीन अधिकारी की डायरी में अंकित है।

मतदान की अगली तिथि को सम्पन्न स्क्रूटनी के दौरान अभ्यर्थी संख्या 1 के अभिकर्त्ता श्री शिशिर कुमार उपस्थित थे। उनके द्वारा भी स्क्रूटनी के क्रम में इस मतदान केन्द्र के संदर्भ में कोई शिकायत नहीं की गयी।

कृपया सादर सूचनार्थ।

विश्वासभाजन

29/10/2020

निर्वाची पदाधिकारी
165 – मुंगेर विधान सभा क्षेत्र
–सह–
अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, मुंगेर।

Scanned by CamScanner